भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1931**
23 दिसंबर, 2022 को उत्तरार्थ

**विषय: कृषि उत्पादों का एमएसपी**

1931. श्री जावेद अली खान:
श्री राम नाथ ठाकुर:

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2017 में विभिन्न कृषि उत्पादों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का फसल-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) वर्ष 2022 की स्थिति के अनुसार विभिन्न कृषि उत्पादों के एमएसपी का फसल-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) वर्ष 2017 और वर्ष 2022 में प्रति क्विंटल उत्पादन लागत का फसल-वार ब्यौरा क्या है और लागत निर्धारण के लिए मद-वार विचार किए गए तथ्य क्या हैं;और
(घ) वर्ष 2017 और वर्ष 2022 की स्थिति के अनुसार उत्पादन की लागत के निर्धारण के लिए तथ्यों के भारांक के प्रतिशत का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) से (घ): 2017 और 2022 के लिए अधिदेशित कृषि फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और उत्पादन लागत के ब्यौरे **अनुबंध** में दिए गये हैं।

एमएसपी की सिफारिश करते समय, कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) महत्वपूर्ण कारकों जैसे भूमि, जल और अन्य संसाधनों के युक्तिसंगत उपयोग एवं अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत पर न्यूनतम 50 प्रतिशत के मुनाफे जो 2018-19 से परिचालित है, को सुनिश्चित करने के साथ-साथसमग्र मांग-आपूर्ति की स्थिति, उत्पादन की लागत, घरेलू और वैश्विक कीमतें, अंतर-फसल मूल्य समता, कृषि और गैर-कृषि क्षेत्रों के बीच व्यापार की शर्तें, शेष अर्थव्यवस्था पर मूल्य नीति के संभावित प्रभाव पर विचार करता है। एमएसपी के निर्धारण में उत्पादन की लागत के एक महत्वपूर्ण कारक होने के कारण सीएसीपी भुगतान की गई वास्तविक लागतों जिसमें किराए का मानव श्रम, बैल श्रम/मशीन श्रम,पट्टे पर ली गई भूमि के लिए अदा किया गया किराया, भौतिक आदानों जैसे बीज, उर्वरक, खाद, सिंचाई प्रभार पर नकद एवं वस्तुपरक व्यय, उपकरणों तथा कृषि भवनों में ह्रास, कार्यशील पूंजी पर ब्याज, पंपसेटों आदि के संचालन हेतु डीजल/बिजली आदि, विविध व्यय तथा पारिवारिक श्रम का आरोपित मूल्य शामिल हैं, के आधार पर वर्तमान वर्ष की संभावित लागत का अनुमान लगाता है।

**अनुबंध**

**दिनांक 23.12.2022 को देय अतारांकित प्रश्न संख्या 1931 के उत्तर के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**<u>अधिदेशित कृषि फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और उत्पादन लागत*</u>**

*(लागत, एमएसपी ₹ प्रति क्विंटल में)*

| क्र. सं. | जिन्स | 2017-18 | | 2022-23 | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लागत | एमएसपी | लागत | एमएसपी |
| **<u>खरीफ फसलें</u>** | | | | | |
| 1 | धान (सामान्य) | 1117 | 1550 | 1360 | 2040 |
| 2 | ज्वार (हाईब्रिड) | 1556 | 1700 | 1977 | 2970 |
| 3 | बाजरा | 949 | 1425 | 1268 | 2350 |
| 4 | रागी | 1861 | 1900 | 2385 | 3578 |
| 5 | मक्का | 1044 | 1425 | 1308 | 1962 |
| 6 | अरहर (तूर) | 3318 | 5450 | 4131 | 6600 |
| 7 | मूंग | 4286 | 5575 | 5167 | 7755 |
| 8 | उड़द | 3265 | 5400 | 4155 | 6600 |
| 9 | कपास (मध्यम रेशा) | 3276 | 4020 | 4053 | 6080 |
| 10 | छिलका सहित मूंगफली | 3159 | 4450 | 3873 | 5850 |
| 11 | सूरजमुखी के बीज | 3481 | 4100 | 4113 | 6400 |
| 12 | सोयाबीन | 2121 | 3050 | 2805 | 4300 |
| 13 | तिल | 4067 | 5300 | 5220 | 7830 |
| 14 | रामतिल | 3912 | 4050 | 4858 | 7287 |
| **<u>रबी फसलें</u>** | | | | | |
| 1 | गेहूं | 817 | 1735 | 1065 | 2125 |
| 2 | जौ | 845 | 1410 | 1082 | 1735 |
| 3 | चना | 2461 | 4400 | 3206 | 5335 |
| 4 | मसूर (लेंटिल) | 2366 | 4250 | 3239 | 6000 |
| 5 | रेपसीड/सरसों | 2123 | 4000 | 2670 | 5450 |
| 6 | कुसुम्भ | 3125 | 4100 | 3765 | 5650 |
| **<u>अन्य फसलें</u>** | | | | | |
| 1 | कोपरा (मिलिंग) | 4758 | 6500 | 6974 | 10590 |
| 2 | पटसन | 2160 | 3500 | 2959 | 4750 |

*** भुगतान की गई सभी लागत और पारिवारिक श्रम का आरोपित मूल्य शामिल है।**

*****